## पर्यवेक्षण आख्या जनपद– बलिया
## भ्रमण दिनांक 29.05.2023 से 02.06.2023

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश के पत्रांक–एस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/एम0एण्ड ई0/2023–24/04/320–2 दिनांक 13.04.2023 के अनुपालन में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के राज्य स्तरीय दल द्वारा दिनांक 29.05.2023 से 02.06.2023 के मध्य सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के अन्तर्गत जनपद–बलिया का भ्रमण किया गया और संचालित स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की गई।

**राज्य स्तरीय टीम के सदस्यः–**

1. श्री योगेन्द्र कुमार यादव – स्टेट एस0एन0सी0यू0 साफ्टवेयर कॉर्डिनेटर, (सी0एच0)
2. श्री सोनू गौतम – कार्यक्रम समन्वयक, एम0 एण्ड ई0

**दल द्वारा पर्यवेक्षण के दौरान आच्छादित की गयी इकाइयां/गतिविधियां–**

1. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र – सिकन्दरपुर।
2. प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र – पन्दह।
3. हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर, उपकेन्द्र – पचखोरा।
4. जिला महिला चिकित्सालय – बलिया।
5. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र – रतसर।
6. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र – रसरा।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र–सिकन्दरपुर
### (एफ0आर0यू0) दिनांक 30.05.2023

दिनांक 30 मई 2023 को राज्य स्तरीय दल द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (एफ0आर0यू0) – सिकन्दरपुर का भ्रमण किया गया। चिकित्सालय के विभिन्न अनुभागों के पर्यवेक्षण के दौरान निम्न बिन्दु प्रकाश में आये –

| भ्रमण बिन्दु | सुझाव/सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|
| भ्रमण के दौरान पाया गया कि चिकित्सालय परिसर में ही सभी चिकित्सकों द्वारा परिसर के हाल में ही ओ0पी0डी की जा रही है। | चिकित्सा अधीक्षक, को सुझाव दिया गया कि चिकित्साकों को ओ0पी0डी0 कमरे की उपलब्धता सुनिश्चित करें। | चिकित्सा अधीक्षक, सिकन्दरपुर / मुख्य चिकित्साधिकारी, |
| परिसर में सुविधा चार्ट एवं सिटीजन चार्ट नही लगा हुआ था। | चिकित्सा अधीक्षक, को सी0एच0सी0, को सुझाव दिया गया कि इस सम्बन्ध में सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें। | चिकित्सा अधीक्षक, सी0एच0सी0, |
| परिसर में नवीन ई0डी0एल0 सूची नही लगी हुई थी। | चिकित्सा अधीक्षक, को सुझाव दिया गया कि इस सम्बन्ध में सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें। | चिकित्सा अधीक्षक, सी0एच0सी0, |
| परिसर में साफ–सफाई की कमी पायी गयी तथा पावर बैकअप की भी पर्याप्त सुविधा नहीं थी। | चिकित्सा अधीक्षक, को सुझाव दिया गया कि इस सम्बन्ध में सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें। | चिकित्सा अधीक्षक/ मुख्य चिकित्साधिकारी |
| • प्रसव कक्ष के बाहर Shoe Rack, Shoe Cover, आदि की व्यवस्था नही की गई है।<br>• स्टाफ नर्स को बायो मेडिकल वेस्ट से सम्बन्धित जानकारी नहीं थी। Three Bucket System follow नही किया जा रहा है।<br>• प्रसव कक्ष में Digital Wall Clock थी | कार्यरत स्टॉफ नर्सो को लेबर रूम प्रोटोकॉल/सेफ्टी प्रोटोकॉल, एवं इंफेक्सन कन्ट्रॉल की जानकारी हेतु Re-orientation कराया जाए। | चिकित्सा अधीक्षक/ डी0पी0एम0 |

Yogendra
SNCU SW Cr (CH)

| | | |
|---|---|---|
| परन्तु Digital Weighing Machine नही थी।<br>• प्रसव मेज़ पर गन्दे Rubber Mackintosh Sheet बिछे थे Kelis Pad पंचर था।<br>• प्रसव कक्ष में Labled 07 ट्रे एवं Delivery Set नहीं पाया गया।<br>• प्रसव कक्ष मे सफाई की व्यवस्था ठीक नहीं थी। Attached Toilet भी सफाई नहीं है।<br>• उपकरणों के स्ट्रलइजेशन का डाटा अंकन हेतु ऑटोक्लेव रजिस्टर नहीं बनाया गया था।<br>• समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सिकन्दरपुर पर ए0एन0सी0 रजिस्टर एवं एच0आर0पी0 रजिस्टर उपलब्ध है। परन्तु ए0एन0सी0 रजिस्टर पर आर0सी0एच0 नम्बर नहीं अंकित की जा रही है।<br>• ब्लॉक स्तर पर एच0आर0पी0 के डाटा का विशलेश्न नहीं किया जा रहा है, जिसके फलस्वारूप एच0आर0पी0 ट्रेकिंग चिकित्सक द्वारा एच0आर0पी0 महिलाओं के चार आवश्यक ए0एन0सी0 नहीं हो पा रही है।<br>• MaNTrA Application पर प्रसव सम्बन्धित सभी सूचनायें स्टॉफ नर्स द्वारा अंकित की जा रही हैं।<br>• लेबर वार्ड में कुछ बेड पर बेडशीट नहीं थे, कुछ पर काफी गंदी चादरें बिछी थीं। वार्ड का पंखा भी खराब था। | | |
| चिकित्सालय में एन0बी0एस0यू0 संचालित नहीं था तथा लेबर में उपलब्ध रेडियन्ट वार्मर भी खराब था। | चिकित्सा अधीक्षक, को सुझाव दिया गया कि शीघ्र एन0बी0एस0यू0 हेतु नोडल नामित करते हुये इकाई को संचालित करने हेतु निर्देशित। | चिकित्सा अधीक्षक/ मुख्य चिकित्साधिकारी |
| • औषिधि का भण्डारण ठीक प्रकार से किया जा रहा है। परन्तु भण्डारण हेतु उपलब्ध कमरा में कुछ दवाओं के कार्टन आईरन रेक की कमी होने के कारण जमीन पर रखे थे।<br>• First Come first out System, follow किया जा रहा है। | चिकित्सा अधीक्षक, को सुझाव दिया गया कि इस सम्बन्ध में सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें। | चिकित्सा अधीक्षक एवं बी0पी0एम0। |
| चिकित्सालय में शुद्ध एवं शीतल पेयजल की व्यवस्था नहीं की गई है। | चिकित्सा अधीक्षक, को सुझाव दिया गया कि इस सम्बन्ध में सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें। | चिकित्सा अधीक्षक एवं बी0पी0एम0। |

**प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र – पन्दह**
**विकासखण्ड – पन्दह दिनांक–30.05.2023**

दिनांक 30 मई 2023 को राज्य स्तरीय दल द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र – पन्दह का भ्रमण किया गया। चिकित्सालय के विभिन्न अनुभागों के पर्यवेक्षण में निम्न बिन्दु प्रकाश में आये –

| भ्रमण बिन्दु | सुझाव / सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|
| परिसर में नवीन ई0डी0एल0 सूची नही लगी हुई थी। | चिकित्सा अधीक्षक, पी0एच0सी पन्दह को सुझाव दिया गया कि इस सम्बन्ध में सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें। | चिकित्सा अधीक्षक, / बी0पी0एम0 |
| परिसर में पावर बैकअप की पर्याप्त सुविधा नहीं थी। | चिकित्सा अधीक्षक, पी0एच0सी पन्दह को सुझाव दिया गया कि इस सम्बन्ध में सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें। | चिकित्सा अधीक्षक, / बी0पी0एम0 |
| कन्डोम बाक्स नही लगा हुआ था। | चिकित्सा अधीक्षक, पी0एच0सी पन्दह को सुझाव दिया गया कन्डोम बाक्स लगा दिया जाय। | चिकित्सा अधीक्षक, / बी0पी0एम0 |
| • प्रसव कक्ष के बाहर Shoe Rack, Shoe Cover, आदि की व्यवस्था की गई है।<br>• स्टाफ नर्स को बायो मेडिकल वेस्ट से सम्बन्धित जानकारी थी। Three Bucket System follow किया जा रहा है।<br>• प्रसव कक्ष में Digital Wall Clock, Digital Weighing Machine उपलब्ध थे।<br>• प्रसव मेज़ पर Rubber Mackintosh Sheet बिछे थे Kelis Pad पंचर था।<br>• कक्ष में बेबी टावेल, ऐल्बो टैब व आक्सीजन सिलेण्डर नही है।<br>• प्रसव कक्ष में Labled 07 ट्रे एवं Delivery Set व्यवस्थित पाये गये।<br>• प्रसव कक्ष मे रखा Rediant warmer खराब है।<br>• प्रसव कक्ष मे सफाई की व्यवस्था अच्छी थी। Attached Toilet भी है।<br>• उपकरणों के स्ट्रलइजेशन का किया जा रहा था एवं रजिस्टर भी बनाया गया था।<br>• प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पन्दह पर ए0एन0सी0 रजिस्टर एवं एच0आर0पी0 रजिस्टर उपलब्ध है। परन्तु ए0एन0सी0 रजिस्टर पर आर0सी0एच0 नम्बर नहीं अंकित की जा रही है।<br>• MaNTrA Application पर प्रसव सम्बन्धित सभी सूचनायें स्टॉफ नर्स द्वारा अंकित की जा रही हैं।<br>• लेवर वार्ड में बेड पर स्वच्छ बेडशीट बिछी थी।<br>• के0एम0सी वार्ड का पंखा भी खराब था। | चिकित्सा अधीक्षक, पी0एच0सी पन्दह को सुझाव दिया गया कि इस सम्बन्ध में सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें। | चिकित्सा अधीक्षक, / बी0पी0एम0 |
| • विटामिन के0 1 इन्जेक्शन नही लगाया जा रहा था। | सभी नवजात शिशुओं को विटामिन के0 1 इन्जेक्शन लगाने | सम्बन्धित स्टाफ नर्स |

| | | |
|---|---|---|
| | हेतु निर्देशित किया गया | |
| • चिकित्सालय में शुद्ध एवं शीतल पेयजल की व्यवस्था नहीं की गई है। | चिकित्सा अधीक्षक, को सुझाव दिया गया कि इस सम्बन्ध में सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें। | चिकित्सा अधीक्षक एवं बी0पी0एम0। |

## हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर, उपकेन्द्र – पचखोरा
## दिनांक–31.05.2023

दिनांक 31 मई 2023 को राज्य स्तरीय दल द्वारा हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर, उपकेन्द्र – पचखोरा का भ्रमण किया गया। पर्यवेक्षण में प्रकाश में आये बिन्दु निम्नवत् हैः –

| भ्रमण बिन्दु | सुझाव / सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|
| राज्य स्तरीय दल द्वारा हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर –पचखोरा का भ्रमण के दौरान सी0एच0ओ सुश्री दीपिका पन्त, ए0एन0एम0 श्रीमती रीना उपस्थित थी। | भ्रमण दल के द्वारा सभी प्रतिदिन ससमय उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये। | सी0एच0ओ0 / ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक |
| हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर का भवन बना हुआ था एवं बाउन्ड्री भी बनी हुई थी परन्तु भवन में ए0एन0एम0 के रूकने हेतु कमरे नहीं थे। | हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर के भवन को सुव्यवस्थित एवं स्वच्छता हेतु निर्देशित किया गया। | सी0एच0ओ0 / ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक |
| हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर पर सी0एच0ओ0 द्वारा औसत 25–30 ओ0पी0डी0 प्रतिदिन की जा रही थी तथा उपकेन्द्र पर प्रसव भी कराये जा रहे थे। | | प्रभारी चिकित्साधिकारी / ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक |
| हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर कक्ष में आई0ई0सी0 उपलब्ध थे व सभी प्रोटोकाल पोस्टर लगे हुये थे व सी0एच0ओ के द्वारा रजिस्टरों को पूर्ण रूप से भरा जा रहा था और रखरखाव भी सराहनीय है। | | प्रभारी चिकित्साधिकारी / ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक |
| हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर पर बिजली कनेक्शन है परन्तु पावर बैकअप उपलब्ध नही कराये गये थे। | इन्वर्टर उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी / ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक |
| हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर पर योगा केन्द्र नही है परन्तु सी0एच0ओ0 के द्वारा ग्राम के सार्वजनिक स्थलों का उपयोग करते हुये योगा कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। | | ए0एन0एम0 / ब्लाक कम्यूनीटी प्रोसेस प्रबन्धक |

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र–रतसर
## दिनांक 31 मई 2023

दिनांक 31 मई 2023 को राज्य स्तरीय दल द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र–रतसर का भ्रमण किया गया। चिकित्सालय के विभिन्न अनुभागों के पर्यवेक्षण में निम्न बिन्दु प्रकाश में आये –

| भ्रमण बिन्दु | सुझाव / सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|
| परिसर में सुविधा चार्ट एवं सिटीजन चार्ट नही लगा हुआ था और नवीन ई0डी0एल0 सूची नही लगी हुई थी। | चिकित्सा अधीक्षक, सी0एच0सी0, रतसर को सुझाव दिया गया कि इस | चिकित्सा अधीक्षक, सी0एच0सी0, रतसर |

| | | |
|---|---|---|
| | सम्बन्ध में सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें। | |
| परिसर में साफ–सफाई की कमी पायी गयी तथा पावर बैकअप की भी पर्याप्त सुविधा नहीं थी। | चिकित्सा अधीक्षक, सी0एच0सी0, रतसर को सुझाव दिया गया कि इस सम्बन्ध में सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें। | चिकित्सा अधीक्षक, रतसर एवं मुख्य चिकित्साधिकारी, जनपद–बलिया। |
| • प्रसव कक्ष के बाहर Shoe Rack, Shoe Cover, आदि की व्यवस्था की गई है।<br>• प्रसव कक्ष में Digital Wall Clock Digital, Weighing Machine थी।<br>• प्रसव मेज पर गन्दे Rubber Mackintosh Sheet बिछे थे Kelis Pad पंचर था।<br>• प्रसव कक्ष में Labled 07 ट्रे एवं Delivery Set व्यवस्थित नहीं पाया गया तथा Medicine Expiry date अंकित नहीं है।<br>• प्रसव कक्ष मे सफाई की व्यवस्था ठीक थी। Attached Toilet में सफाई नहीं है।<br>• समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, रतसर पर ए0एन0सी0 रजिस्टर एवं एच0आर0पी0 रजिस्टर उपलब्ध है। परन्तु ए0एन0सी0 रजिस्टर पर आर0सी0एच0 नम्बर नहीं अंकित की जा रही है।<br>• MaNTrA Application पर प्रसव सम्बन्धित सभी सूचनायें स्टॉफ नर्स द्वारा अंकित की जा रही हैं।<br>• लेवर वार्ड में कुछ बेड पर बेडशीट नहीं थे, कुछ पर काफी गंदी चादरें बिछी थीं। वार्ड का पंखा भी खराव था। | कार्यरत स्टॉफ नर्सो को लेबर रूम प्रोटोकॉल/ सेफ्टी प्रोटोकॉल, एवं इंफेक्सन कन्ट्रॉल की जानकारी हेतु Re-orientation कराया जाए। | चिकित्सा अधीक्षक, रतसर एवं डी0पी0एम0–बलिया। |
| • औषिधि का भण्डारण ठीक प्रकार से किया जा रहा है। परन्तु भण्डारण हेतु उपलब्ध कमरा में कुछ दवाओं के कार्टन आईरन रेक की कमी होने के कारण जमीन पर रखे थे।<br>• First Come first out System, follow किया जा रहा है।<br>• Red Zone corner (Near expiry) नहीं बनाया गया है। | चिकित्सा अधीक्षक, को सुझाव दिया गया कि इस सम्बन्ध में सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें। | चिकित्सा अधीक्षक एवं बी0पी0एम0। |
| • चिकित्सालय में शुद्ध एवं शीतल पेयजल की व्यवस्था नहीं की गई है। | चिकित्सा अधीक्षक, को सुझाव दिया गया कि इस सम्बन्ध में सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें। | चिकित्सा अधीक्षक एवं बी0पी0एम0। |

## जिला महिला चिकित्सालय – बलिया
## दिनांक 31.05.2023

| अवलोकन बिन्दु | सुझाव/सुधारात्मक कार्यवाही | उत्तरदायित्व |
|---|---|---|
| जिला महिला चिकित्सालय में परिसर में साफ–सफाई संतोषजनक थी। | | |
| एस0एन0सी0यू0 संचालित थी एवं | उपकरण रजिस्टर बनाया जाये एवं | स्टाफ नर्स एवं |

| | | |
|---|---|---|
| मानकानुसार मानव संसाधन उपलब्ध था। एस0एन0सी0यू0 के अन्दर उपकरण रजिस्टर नहीं बना था। | समय पर उपकरणों के खराब हाने की सूचना सेवा प्रदाता CYRIX को दी जाये। | एस0एन0सी0यू0 नोडल अधिकारी। |
| एस0एन0सी0यू0 नोडल अधिकारी द्वारा कुछ उपकरणों की आवश्यकता बतायी गयी एवं संदर्भित किये गये बच्चों को बी0एच0यू0 वाराणसी में बेड खाली न होने के कारण भर्ती नहीं किये जाते हैं। अतः एस0एन0सी0यू0 को उच्चीकृत करने की आवश्यकता है। | सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा प्रस्ताव को राज्य स्तर पर भेजने हेतु अवगत कराया गया। | सी0एम0एस0 / एस0एन0सी0यू0 नोडल अधिकारी / डी0पी0एम0 |
| चाइल्ड डेथ रिव्यू की आन लाईन रिपोर्टिग नही की जा रही थी। | चाइल्ड डेथ रिव्यू की आन लाईन रिर्पोटिग कराने हेतु निर्देशित किया गया। | स्टाफ नर्स एवं एस0एन0सी0यू0 नोडल अधिकारी। |

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द – रसरा
## दिनांक 1.06.2023

दिनांक 01.06.2023 को राज्य स्तरीय दल द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र– रसरा का भ्रमण किया गया। चिकित्सालय के विभिन्न अनुभागों के पर्यवेक्षण में निम्न बिन्दु प्रकाश में आये –

| अवलोकन बिन्दु | सुझाव / सुधारात्मक कार्यवाही | उत्तरदायित्व |
|---|---|---|
| राज्य स्तरीय टीम के द्वारा भ्रमण के दौरान परिसर में साफ–सफाई संतोषजनक नहीं पायी गयी भवन भी जर्जर अवस्था में था। | परिसर में स्वच्छता हेतु प्रशंसा की गयी तथा स्वच्छता बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी / बी0पी0एम |
| राज्य स्तरीय टीम के द्वारा भ्रमण के दौरान परिसर में सुविधा चार्ट एवं सिटीजन चार्ट नहीं लगा हुआ था। | परिसर में सुविधा चार्ट एवं सिटीजन चार्ट लगाये जाने के सुझाव दिये गये। | प्रभारी चिकित्साधिकारी / बी0पी0एम |
| • प्रसव कक्ष के बाहर Shoe Rack, Shoe Cover, आदि की व्यवस्था की गई है।<br>• प्रसव कक्ष में Digital Wall Clock Digital, Weighing Machine थी।<br>• प्रसव मेज़ पर गन्दे Rubber Mackintosh Sheet बिछे थे Kelis Pad पंचर था।<br>• प्रसव कक्ष में Labled 07 ट्रे एवं Delivery Set व्यवस्थित नहीं पाया गया तथा Medicine Expiry date अंकित नहीं है।<br>• प्रसव कक्ष मे सफाई की व्यवस्था ठीक थी। Attached Toilet में सफाई नहीं है।<br>• MaNTrA Application पर प्रसव सम्बन्धित सभी सूचनायें स्टॉफ नर्स द्वारा अंकित की जा रही हैं।<br>• लेबर वार्ड में कुछ बेड पर बेडशीट नहीं थे, कुछ पर काफी गंदी चादरें बिछी थीं। | | |
| चिकित्सालय के निरीक्षण में पाया गया कि वार्ड में 05 प्रसुति भर्ती थी। प्रसव के | मानकानुसार 48 घंटे रोकने हेतु प्रयास करने हेतु निर्देशित किया | प्रभारी चिकित्साधिकारी |

| | | |
|---|---|---|
| उपरान्त महिलायें चिकित्सालय में मानकानुसार 48 घंटे नहीं रूक रही हैं। | गया। | /स्टाफ नर्स |
| लेबर रूम रजिस्टर एवं केस सीट पूर्ण नहीं थी। | लेबर रूम रजिस्टर एवं केस सीट पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। | स्टाफ नर्स |
| प्रसव कक्ष में मात्र 03 स्टाफ नर्स उपलब्ध थी। | मानकानुसार स्टाफ नर्स उपलब्ध नही थी। | प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| जे0एस0एस0के0 डाइट लाभार्थियों की नही दी जा रही थी। | जे0एस0एस0के0 डाइट लाभार्थियों को दिये जाने हेतु सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| गर्भवती महिलाओं की जांच हेतु अल्ट्रासाउंड की सुविधा परिसर में नहीं थी। | अल्ट्रासाउंड की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| चिकित्सालय में एन0बी0एस0यू0 संचालित नहीं था तथा लेबर में में उपलब्ध रेडियन्ट वार्मर भी खराब था। | चिकित्सा अधीक्षक, सी0एच0सी0, रतसर को चिकित्सालय में शीघ्र एन0बी0एस0यू0 हेतु नोडल नामित करते हुये संचालित करने हेतु निर्देशित। | चिकित्सा अधीक्षक, रतसर एवं मुख्य चिकित्साधिकारी, जनपद–बलिया। |
| एन0बी0एस0यू0 नहीं बना था तथा आनॅलाईन रिपोर्टिंग नहीं की जा रही हैं। | एस0एन0सी0यू0 ऑनलाईन एम0आई0एस0 पोर्टल पर सभी भर्ती बच्चों की इंट्री समय से किये जाने हेतु सुझाव दिया गया। | बी0पी0एम0/ स्टाफ नर्स |
| चाइल्ड डेथ रिव्यू की आन लाईन रिपोर्टिंग नही की जा रही थी। | चाइल्ड डेथ रिव्यू की आन लाईन रिर्पोटिग कराने हेतु निर्देशित किया गया। | एम0सी0टी0एस0 आपरेटर/ ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक |
| परिसर में पावर बैकअप की सुविधा उपलब्ध नहीं है। | पावर बैकअप की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। | प्रभारी चिकित्साधिकारी /ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक |
| मंत्रा ऐप एवं के0एम0सी0 ऐप पर इंट्री ससमय नहीं की जा रही थी। | ई–कवच पोर्टल एवं के0एम0सी0 ऐप पर इंट्री किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। | स्टाफ नर्स/ ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक |

**समीक्षा बैठक**

जनपद के विभिन्न चिकित्सा स्वास्थ्य केन्द्रों, के पर्यवेक्षण के उपरान्त राज्य स्तरी पर्यवेक्षण टीम एवं डी0पी0एम0 बलिया के द्वारा, जिलाधिकारी कार्यालय परिसर बलिया में पी0एम0 स्वानिधि योजना के अन्तर्गत स्वानिधि महोत्सव–2023 में आयोजित कैम्प– निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का निरीक्षण किया गया एवं जिलाधिकारी महोदय के समक्ष पर्यवेक्षण के दौरान प्रकाश में आये मुख्य बिन्दुओं एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से सम्बन्धित चल रहे कार्यक्रमों को और भी बेहतर करने हेतु चर्चा की गई।

**सोनू गौतम,**
कार्यक्रम समन्वयक,
अनुश्रवण एवं मूल्यांकन

Yogendra

**योगेन्द्र कुमार यादव,**
स्टेट एस0एन0सी0यू0 समन्वयक,
बाल स्वास्थ्य

4
01/09/23
M.P. YADAV
DGM (MIS)
Nodal for S.S.U.
District – Ballia, Mau, Azamgarh
Div – Azamgarh